# INDIAN SCHOOL SOHAR
## TERM-1 EXAMINATION (2017-18)

**कक्षा:VI** विषय: हिन्दी **पूर्णांक:80**

**दिनांक: 14-09-2017** **समय:3घंटे**

सामान्य निर्देश: **1.**इस प्रश्न पत्र के कुल चार खंड हैं-क,ख,ग,घ।

**2.**प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

**3.**चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

---

## खंड-क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न **1.**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **10**

भारत में छह ऋतुएँ होती हैं - वसंत,ग्रीष्म,वर्षा,शरद,हेमंत और शिशिर।हर ऋतु अपनी विशेषता के लिए आती है और छटा बिखेरकर चली जाती है। यदि वर्षा ऋतुओं की रानी कहलाती है, तो वसंत ऋतुराज कहलाता है।वसंत के आते ही प्रकृति मानो सज-सँवर उठती है।वसंत ऋतु भी दो मास के लिए आती है।चैत और फागुन वसंत ऋतु के मास हैं।इस समय प्रकृति मानो रंग-बिरंगे फूलों की चादर ओढ़े हुए इठलाती दिखाई देती है,इस समय न तो अधिक गरमी होती और नहीं सर्दी।पक्षियों की चहचहाहट ,भँवरों की गुन-गुन आदि मधुर संगीत के समान सुनाई पड़ते हैं। पेड़-पौधे नए पत्तों व फूलों से लद जाते हैं तथा सुगंधित हवा बहने लगती है।वसंत का आगमन वसंत पंचमी से माना जाता है। यह त्योहार उत्तर भारत में बहुत धूम-धाम से मनाया जाता है। असम,बंगाल तथा दक्षिण भारत में भी अलग -अलग नामों से यह त्योहार मनाया जाता है।वसंत ऋतु में किसान की फसलें पककर तैयार हो जाती हैं।इसी खुशी में किसान उत्सव मनाते हैं और नाचते-गाते हैं।वसंत ऋतु प्राकृतिक सौंदर्य,हर्ष-उल्लास और त्योहारों की ऋतु है।स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह ऋतु बहुत अच्छी होती है।यह सभी के मन को भानेवाली ,फलों व फूलों की ऋतु है।इस ऋतु का भरपूर लाभ व आनंद उठाना चाहिए।

प्रश्न:-

(क) भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं?उनके नाम लिखिए।

(ख) ऋतुराज किसे कहते हैं?

(ग) वर्षा ऋतु क्या कहलाती है?

(घ) वसंत ऋतु में मौसम कैसा होता है?

(ङ) वसंत ऋतु किन दो महीनों के लिए आती है

(च) बसंत पंचमी कहाँ-कहाँ मनाई जाती है?

(छ) किसान किस खुशी में नाचते-गाते हैं?

(ज) वसंत ऋतु में प्रकृति कैसी लगती है?

(झ) वसंत ऋतु की विशेषता क्या है?

(ञ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

## खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न **2.** **(i)** निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। **2**

(क) नैन (ख) प्रदर्शीनी (ग) पालतु (घ) परिक्क्षा

**(ii)** निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कर लिखिए। **2**

(क) मेरा माँ सबसे अच्छा हैं।

(ख) घास को गाय खिलाओ।

प्रश्न **3.** **(i)** निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए। **2**

(क) कथा (ख) तिथि (ग) गुरु (घ) दरवाज़ा

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के वचन बदलकर लिखिए। **2**

(क) <u>छात्रा</u> पढ़ रही है।

(ख) रोहन <u>कहानी</u> लिख रहा है।

प्रश्न **4.** **(i)** निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए। **2**

(क) नर (ख) युवक (ग) लेखक (घ) गुणवान

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के लिंग बदलकर लिखिए। **2**

(क) <u>माता जी</u> घर पर नहीं हैं।

(ख) <u>शेर</u> हाथी पर झपटा।

प्रश्न **5.(i)** निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए। **2**

(क) गृह (ख) सूर्य

**(ii)** निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

(क) फूल (ख) मुँह

प्रश्न **6.** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **2**

(क) चालाक (ख) गर्व

प्रश्न **7.** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **2**

(क) बुरा (ख) तकलीफ़

प्रश्न **8.** निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को पहचानकर भेद के नाम लिखिए। **3**

(क) आज बहुत गरमी है।

(ख) राकेश प्रतिदिन खेलता है ।

(ग) मैं विद्यालय जा रहा हूँ।

प्रश्न **9.** निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को पहचानकर भेद के नाम लिखिए। **3**

(क) अभिषेक अपने-आप घर चला गया।

(ख) बाहर कोई खड़ा है।

(ग) मैं कल दुबई जाऊँगा।

## खंड-ग (पाठ्य-पुस्तक)

प्रश्न **10.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए:- **6**

न-न मेरे बेटे,मेरे लाल,ऐसे नहीं।अजी,ज़रा देखना,डॉक्टर क्यों नहीं आया!इसे तो कुछ ज़्यादा ही तकलीफ़ जान पड़ती है।यह ऐसे-ऐसे तो कोई बड़ी खराब बीमारी है।देखो न,कैसे लोट रहा है ! ज़रा भी कल नहीं पड़ती । हींग,चूरन,पिपरमेंट-सब दे चुकी हूँ।वैद्य जी आ जाते!

प्रश्न:-

(क) उपरोक्त गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

(ख) उपरोक्त संवाद किसके द्वारा कहा गया है?

(ग) पाठ के अनुसार किसे ज़्यादा तकलीफ हो रही थी ?

(घ) डॉक्टर की प्रतीक्षा क्यों की जा रही थी?

(ङ) बीमारी के प्राथमिक उपचार के लिए माँ ने अपने बेटे को क्या-क्या दिया?

(च) बड़ी खराब बीमारी का क्या नाम था?

प्रश्न **11.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **6**

(क)रौनक (ख) मंज़िल (ग) प्रयास (घ)सभ्य (ङ)तिरछा (च)थामना

प्रश्न **12.** निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों से वाक्य बनाइए। **4**

(क) विकास (ख) आराम (ग) नज़रें नीची होना (घ) चेहरे का रंग उड़ जाना

प्रश्न **13** .किसने,किससे कहा- **2**

(क) ज़रा हमें दिखा दो भइया, कितने बड़े हैं?

(ख) बस ऐसे-ऐसे करता रहा।मैंने कहा-अरे,गड़गड़ होती है?तो बोला-नहीं।

प्रश्न 14 .निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही तीन</u> प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **3**

(क) छोटू का परिवार कहाँ रहता था?

(ख) केशव और श्यामा ने कार्निस के ऊपर क्या देखा ?

(ग) पूरा आकाश किससे जड़ा हुआ है?

(घ) जब से मानव ने अक्षरों की खोज की तब से वह क्या माना जाने लगा है?

(ङ) साथी हाथ बढ़ाना से क्या आशय है?

प्रश्न 15. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही 5</u> प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। **15**

(क) केशव ने श्यामा से चिथड़े,टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रख दिया था?

(ख) चाँद से थोड़ी-सी गप्पें -कविता के आधार पर लिखो कि लड़की को चाँद कैसा लग रहा था?

(ग) अक्षरों की खोज का सिलसिला कब और कैसे शुरु हुआ?

(घ) छोटू को सुरंग में जाने की इजाज़त क्यों नही थी? पाठ के आधार पर उत्तर लिखो।

(ङ) मोहन ने पेट दर्द का बहाना क्यों बनाया ?

(च) सागर ने रास्ता छोड़ा,परबत ने सीस झुकाया'-कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

(छ) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी।अपने विचार लिखो।

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न 16. अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। **5**

अथवा

अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को क्रिकेट कोचिंग के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । **5**

(क) जीवन में खेलों का महत्व (ख) संगठन की महिमा (च) स्वतंत्रता दिवस

..............................................समाप्त..............................................